Title:Need to undertake beautification of Kheteshwar Temple in Misrikh Parliamentary Constituency and provide basic amenities at the temple site.-laid

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): मेरा संसदीय क्षेत्र मिश्रिख आध्यात्मिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है । इस संसदीय क्षेत्र की जनपद कानपुर नगर के बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में शिवराजपुर नगर पंचायत से कुछ ही दूरी पर पावन गंगा नदी बह रही है जहां खेतेश्वर अति प्राचीन मंदिर है । महाभारत के समय भी अश्वत्थामा को रथ सहित यहीं पर फेंका गया था तथा इसी स्थल पर मंदिर की स्थापना की गई है जहां क्षेत्रीय लोग अश्वत्थामा पूजन हेतु आते हैं और यहां पर गंगा के किनारे मेले का भी आयोजन होता है जिसमें दूर-दूर से लोग शामिल होते हैं ।

क्षेत्र में प्राचीन खेतेश्वर मंदिर और अश्वत्थामा का अत्यधिक महत्व है । अतः इस मंदिर का सौंदर्यीकरण कराए जाने के साथ-साथ वहां आने वाले श्रद्धालुओं हेतु जरूरी मूलभूत सुविधाएं प्रदत कराए जाने की आवश्यकता है ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह केंद्रीय निधि से पावन खेतेश्वर मंदिर का सौंदर्यीकरण कराए जाने के साथ-साथ वहां पर जरूरी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा इसको केंद्रीय पर्यटन सूची में शामिल किए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें ।